प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 29.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में नागरिकों को अफवाहों से सतर्क रहने और केवल सरकारी सूचनाओं पर ही भरोसा करने का किया आग्रह।
2. जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा – देश के जनजातीय समुदाय के लिए केंद्र सरकार सृजित कर रही सम्मानजनक आजीविका के अवसर।
3. राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची में बन रहे विश्व स्तरीय लाइब्रेरी का किया निरीक्षण, कहा – मील का पत्थर साबित होगा यह पुस्तकालय।
4. मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम खराब रहने और आंधी के साथ–साथ बारिश की जताई संभावना।
5. रांची में आज से अस्मिता महिला वॉलीबॉल लीग की हुई शुरुआत, विधायक सीपी सिंह ने किया उद्घाटन।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न कर दी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह मुश्किल समय है।
प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि कोविड महामारी की तरह ही देश इस मुश्किल हालात से सफलता से बाहर निकल जाएगा।
श्री मोदी ने कहा कि देश के कई हिस्सों में गर्मी शुरू होने के साथ ही, पानी बचाने के लिए फिर से प्रतिबद्ध होने का समय आ गया है।

*****************

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा है कि जनजातीय समाज का पारंपरिक ज्ञान और टिकाऊ जीवन–शैली विश्व के लिए बहुमूल्य सीख प्रदान करती है। नई दिल्ली में भारत जनजातीय महोत्सव के वन–धन सम्मेलन में, उन्होंने कहा कि इसके बावजूद, इन्हें लंबे समय से वन और कृषि उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा था। श्री उइके ने कहा कि केंद्र सरकार इनके लिए सम्मानजनक आजीविका के अवसर सृजित कर रही है।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज मोराबादी में निर्माणाधीन लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह लाइब्रेरी सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में एक आदर्श स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के पढ़ाई–लिखाई के साथ ही शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में भी यह लाइब्रेरी मील का पत्थर साबित होगी।

मौके पर मौजूद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह विश्व स्तरीय सात मंजिला भवन करीब 65 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है, जिसमें पांच हजार से अधिक छात्रों के बैठने की व्यवस्था होगी।

*****************

सुरक्षाबलों के दबाव और पुनर्वास योजनाओं के चलते झारखण्ड समेत देश भर में पिछले 10 वर्षों में 10 हजार से अधिक माओवादियों ने हथियार डाल दिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साल 2025 में 2300 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया, जबकि 2026 के शुरुआती तीन महीनों में 630 से अधिक नक्सली मुख्यधारा में लौटे हैं।

*****************

गुमला जिले में मत्स्य पालन के क्षेत्र में नई पहल की जा रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान के सहयोग से स्कैम्पी यानि महाझींगा पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में मसरिया और धनसिंहटोली जलाशयों में लाखों की संख्या में स्कैम्पी किशोर डाले गए हैं। इससे जनजातीय समुदाय की आय बढ़ने की उम्मीद है।

*****************

पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड में आज प्रधानमंत्री वन धन विकास केंद्र और चारा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी हिमांशु लाल ने बताया कि इन योजनाओं से खासकर आदिम जनजाति की महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

*****************

हजारीबाग जिले में रामनवमी का उत्साह आज अपने चरम पर है। शहर में बड़ी संख्या में भक्त सड़कों पर जुलूस में शामिल हैं। जिले के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि इस बार हजारीबाग में 108 अखाड़े का जुलूस निकाला गया है।

*****************

राजधानी रांची और कोडरमा जिले में पिछले चौबीस घंटों के दौरान अलग—अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 16 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि रांची के अनगड़ा में ट्रक की चपेट में आने से दो चचेरे भाइयों की मौके पर मौत हो गई। वहीं, कोडरमा घाटी में तेज रफ्तार हाईवा ने तीन कारों को टक्कर मार दी, जिसमें करीब 10 लोग घायल हुए। जिले के ही जयनगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 17 वर्षीय युवक की जान चली गई, जबकि तिलैया में एक अन्य हादसे में छह लोग घायल हुए, जिनमें चार की हालत गंभीर है।

*****************

चतरा जिले में पिछले दिनों हुए एक एयर एम्बुलेंस हादसे को लेकर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है। संगठन के उपाध्यक्ष डॉ. पार्थ परितोष ने हादसे में मारे गए डॉक्टर विकास गुप्ता के परिजनों को पांच करोड़ रुपये और मरीज के परिजनों को भी उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की।

*****************

झारखण्ड समेत देश भर में आज पाम संडे श्रद्धापूर्वक मनाया गया। पाम संडे, पवित्र सप्ताह की शुरुआत का प्रतीक है। पाम संडे, ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने से पहले यरूशलेम में उनके प्रवेश की स्मृति में मनाया जाता है। पाम संडे से ईस्टर के उत्सव आरंभ होते हैं जो गुड फ्राइडे और ईस्टर संडे तक चलते हैं। इस अवसर पर गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं।

*****************

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम खराब रहने और आंधी के साथ—साथ बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, आज देवघर, दुमका, गिरिडीह और गोड्डा समेत अन्य जिलों में मेघ गर्जन के साथ हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं, कल पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार जिलों में आंशिक बादल छाए रहने और मेघ गर्जन की आशंका जताई है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलने की आशंका है।

*****************

रांची में आज अस्मिता महिला वॉलीबॉल लीग की शुरुआत हुई। भारतीय खेल प्राधिकरण और वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर आयोजित इस लीग का उद्घाटन रांची के विधायक सीपी सिंह ने मोराबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में किया। प्रतियोगिता का समापन कल 30 मार्च को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

*****************

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट आईपीएल में आज मुम्बई में मुम्बई इंडियन्स का सामना कोलकाता नाइट राईडर्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

********समाप्त*********